शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/रा.शि.के./शि.प्रशि/2021/1952 **भोपाल दिनांक- 05/04 /2021**

प्रति,

प्राचार्य डाईट
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
जिला- सीहोर, शाजापुर, पन्ना, रीवा, जबलपुर, बडवानी, ग्वालियर जिला (म.प्र.)

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केंद्र
जिला- सीहोर, शाजापुर, पन्ना, रीवा, जबलपुर, बडवानी, ग्वालियर जिला (म.प्र.) (म.प्र.)

विषय- शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमअंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक विकास आधारित बेसलाईन सर्वे एवं फोकस ग्रुप डिस्कशन विषयक।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि वर्ष 2021 में नई शिक्षा नीति के प्रावधान के अनुसार बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक विकास पर आधारित शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न किया जाना है। इस हेतु वर्तमान में बुनियादी साक्षरता शृंखला पर पहला कोर्स ' सीखने के सिद्धांतों पर संक्षिप्त जानकारी' 1 अप्रैल, 2021 को दीक्षा पोर्टल पर शुरू हो चुका है। आगामी कोर्स को शिक्षकों तक ऑनलाइन उपलब्ध कराने हेतु शिक्षकों की आवश्यकताओं का आंकलन एवं उनका फीडबेक लिया जाना है जिसके आधार पर आगामी कोर्स शृंखलायें पीपल संस्था के सहयोग से तैयार की जायेंगी।

इस हेतु आवश्यक है कि शिक्षकों से ऑनलाइन प्रश्नावली भरवाकर आगामी कार्यवही सुनिश्चित की जा सके।

जिम्मेदारी –प्राचार्य डाईट एवं जिला परियोजना समन्वयक , एपीसी अकादमिक एवं प्रशिक्षण प्रभारी डाईट के माध्यम से इस गूगलफार्म (प्रश्नावली) को बीआरसी, बीएसी, सीएसी के माध्यम से शिक्षकों तक ऑनलाइन प्रेषित करेंगे। तथा प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षा 1 से 5 पढ़ाने वाले अनिवार्यतः सम्मिलित हों। गूगलफार्म शिक्षक स्वयं ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भरेंगे।

ऑनलाइन गूगलफार्म भरने की प्रक्रिया-

1. जिला परियोजना समन्वयक/प्राचार्य डाईट, एपीसी अकादमिक, प्रशिक्षण प्रभारी डाईट,बीआरसी एवं बीएसी,सीएसी की बैठक का ऑनलाइन आयोजन होगा जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तथा शिक्षकों से किस प्रकार इस फॉर्म को भरवाना है उस पर चर्चा चर्चा की गई जायेगी। गूगल फार्म लिंक संलग्न है। FLN Survey Link : http://bit.ly/बुनियादीसाक्षरता1
2. बीआरसी इस कार्य को एमआईएस को आर्डीनेटर के माध्यम से प्रत्येक कक्षा 1 से 5 पढ़ाने वाले शिक्षकों को गूगल फार्म की लिंक उपलब्ध करायेंगे।
3. शिक्षक गूगल फार्म लिंक के माध्यम से प्रश्नावली में दिये गये प्रश्नों के उत्तर भरेंगे। गूगल फार्म पर शिक्षकों के द्वारा प्रदान की गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी।
4. प्रत्येक शिक्षक केवल एक ही बार गूगलफार्म को भर सकेंगे।
5. जिस जिले से कम संख्या में शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन गूगल फार्म भरे जायेंगे उसकी सूचना जिला परियोजना समन्वयक/प्राचार्य डाईट को प्रदान की जायेगी ताकि वे अपने जिले के शिक्षकों को गूगल फार्म भरने के लिए निर्देशित कर सकेंगे।

6. गूगल फार्म लिंक प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर दिनांक 7 अप्रैल से 10 अप्रैल, 2021 के मध्य फार्म भरवाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे।
7. जिन जिलों के शिक्षकों द्वारा गूगल फार्म भरा जावेगा उन्हीं जिलों में से 10 शिक्षकों से ऑनलाइन फीडबेक एवं चर्चा कर अंतिम निर्धारण किया जायेगा। इस हेतू पीपल संस्था के प्रतिनिधि जिलों से संपर्क करेंगे।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राज्य स्तर पर इस कार्यक्रम के पीपल संस्था प्रतिनिधि सुश्री प्रिया जोशी, मोबाईल नंबर- 8356034140 या, ई-मेल - "priya.joshi@peepulindia.org" पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

5/4/2021

(ओ0एल0मण्डलोई)
अपर संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र

पृ.क्र./ रा.शि.के/शि.प्रशि./2021/1953 भोपाल दिनांक- 5 / 04/ 2021

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला- सीहोर, शाजापुर, पन्ना, रीवा, जबलपुर, बडवानी, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचालत जिला-सीहोर, शाजापुर, पन्ना, रीवा, जबलपुर, बडवानी, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. नियंत्रक पाठ्यक्रम, शिक्षक शिक्षा मूल्यांकन कक्ष राज्य शिक्षा केंद्र की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. जिला शिक्षा अधिकारी /सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला-सीहोर, शाजापुर, पन्ना, रीवा, जबलपुर, बडवानी, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीपल संस्था नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. समस्त प्रोग्रामर,एपीसी,प्रशिक्षण प्रभारी डाईट संबंधित जिलों की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
9. समस्त बीआरसी संबंधित जिलों की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
10. आईसीटी कक्ष की ओर एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड हेतु प्रेषित।

5/4/2021

अपर संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र